**Ref: RailTel/Sectt/21/SE/S-16 Date: February 01, 2023**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग**<br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**'एक्सचेंज प्लाजा', सी-1, ब्लॉक जी,**<br>**बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई),**<br>**मुंबई - 400 051**<br><br>**Listing Department,**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**'Exchange Plaza', C-1, Block G,**<br>**Bandra - Kurla Complex, Bandra (E),**<br>**Mumbai - 400051** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग,**<br>**बीएसई लिमिटेड, रोटुंडा बिल्डिंग,**<br>**पी जे टावर्स, दलाल स्ट्रीट, किला,**<br>**मुंबई - 400 001**<br><br>**Corporate Relationship Department,**<br>**BSE Limited, Rotunda Building,**<br>**P J Towers, Dalal Street, Fort,**<br>**Mumbai - 400 001** |
| **Scrip Symbol- RAILTEL** | **Scrip Code- 543265** |

**Sub: Submission of Newspaper Publication regarding un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and nine months ended on 31st December, 2022.**

Dear Sir/Madam,

Copy of advertisement published in Newspaper (English and Hindi daily) in relation to the un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and nine months ended on 31st December, 2022 as approved by the Board of Directors in their meeting held on 31st January, 2023 are enclosed herewith for your information and record. Copies of the said advertisement are also available on the website of the Company at www.railtelindia.com

2. Please take note of the above document on record.

**धन्यवाद,**

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए**

JASMEET SINGH MARWAH

Digitally signed by JASMEET SINGH MARWAH
Date: 2023.02.01 18:30:05 +05'30'

**जे. एस. मारवाह**
**कंपनी सचिव एव अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता संख्या – एफ सी एस 8075**

**संलग्न: ऊपरोक्त अनुसार**

वितरण:- 1) सहायक कंपनी सचिव को फाइल में रखने हेतु।
2) सहायक महाप्रबंधक/पी.आर.ओ.को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

## खबर कोना



*अहमदाबाद* में अभ्यास के लिए मैदान पर पहुंचे न्यूजीलैंड के लाकी फर्ग्युसन।

### भारतीय पिचों पर गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण : मौरिस

मेलबर्न, 31 जनवरी (भाषा)।

आस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज लांस मौरिस का मानना है कि बोर्डर–गावसकर सीरीज के दौरान भारतीय पिचों पर गेंदबाजी करना 'चुनौतीपूर्ण' होगा लेकिन यह उनके लिए सीखने के लिहाज से बहुत बड़ा मौका होगा। पैट कमिंस की आस्ट्रेलियाई टीम भारत के टैस्ट और वनडे दौरे की शुरुआत नौ फरवरी से नागपुर में पहले टैस्ट के साथ करेगी। आस्ट्रेलिया ने 24 वर्षीय मौरिस को 18 सदस्यीय टैस्ट टीम में जगह दी है और सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टैस्ट में पदार्पण से चूकने के बाद उन्हें भारत के खिलाफ चार टैस्ट की सीरीज में यह मौका मिल सकता है। मौरिस ने मंगलवार को 'एसईएन रेडियो' से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो (भारत में गेंदबाजी गति का) फीडबैक बहुत अच्छा नहीं रहा है।'

### देश के लिए खेलने की अब भी खिलाड़ियों में है प्रेरणा : फर्ग्युसन

अहमदाबाद, 31 जनवरी (भाषा)।

अपने कई साथी खिलाड़ियों द्वारा लुभावनी टी20 लीग खेलने के लिए केंद्रीय करार छोड़ने के बीच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लाकी फर्ग्युसन ने कहा कि अभी भी विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में देश के लिए खेलने की काफी प्रेरणा है। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, मार्टिन गुप्टिल और जिम्मी नीशाम ने पिछले साल अपने केंद्रीय अनुबंध छोड़ दिए ताकि दुनिया भर में टी20 लीग खेल सकें।
यह पूछने पर कि क्या इससे न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट पर असर पड़ेगा, फर्ग्युसन ने कहा, 'मेरे पास इसका जवाब नहीं है। लेकिन आपको उन खिलाड़ियों को समझना होगा जो करिअर के आखिरी पड़ाव पर हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे पता है कि वे अभी भी न्यूजीलैंड के लिए खेलना चाहते हैं। इसके लिए संतुलन बनाने की जरूरत है । मेरे से ऊपर बैठे लोग इस पर काम करेंगे। एक खिलाड़ी के नजरिए से देखें तो हमें न्यूजीलैंड के लिए खेलना पसंद है।'

### वेस्ट हैम ने एफए कप में डर्बी को 2–0 से हराया

डर्बी, 31 जनवरी (एपी)।

वेस्ट हैम ने तीसरे टीयर की टीम डर्बी को 2–0 से हराकर पांचवें दौर में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगी। जेरोड बोवेन ने एक गोल करने के अलावा माइकल एंटोनियो के गोल में मदद भी की जिससे इंग्लिश प्रीमियर लीग टीम वेस्ट हैम ने आसान जीत दर्ज की। वेस्ट हैम इस तरह शीर्ष 16 में जगह बनाने में नाकाम रहने वाला 12वां शीर्ष क्लब बनने से बच गया। इससे पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड और वेस्ट हैम दो साल पहले पांचवें दौर के मुकाबले में ओल्ड ट्रैफर्ड में भिड़े थे और तब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 1–0 से जीत दर्ज की।

# लखनऊ की पिच तैयार करने वाले 'क्यूरेटर' हुए बर्खास्त

नई दिल्ली, 31 जनवरी (भाषा)।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम की पिच तैयार करने वाले क्यूरेटर को पद से हटा दिया गया है। इस मुकाबले की पिच उम्मीद के मुताबिक नहीं थी और इस पर बल्लेबाजों को काफी जूझना पड़ा था। भारत ने भले ही यह मुकाबला एक गेंद शेष रहते जीत लिया हो लेकिन कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिच की आलोचना करते हुए इसे 'स्तब्ध' करने वाली करार दिया था।

न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी जबकि भारत को भी स्पिन की अनुकूल पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए काफी समस्या हुई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के एक सूत्र ने बताया, 'क्यूरेटर को हटा दिया गया है और उसकी जगह संजीव कुमार अग्रवाल लेंगे जो काफी अनुभवी क्यूरेटर हैं। हम एक महीने में चीजों को बदल देंगे।'

उन्होंने कहा, 'टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से पहले मुख्य विकेटों पर काफी घरेलू क्रिकेट खेला जा चुका था और क्यूरेटर को एक या दो विकेट अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए छोड़ने चाहिए थे। विकेट का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल हो चुका था और खराब मौसम के कारण नया विकेट तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।' पिछले साल अक्तूबर में हटाए जाने से पहले अतीत में बांग्लादेश में विकेट तैयार करने वाले अग्रवाल को पिच तैयार करने की प्रक्रिया को सही करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्र ने बताया कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के अनुभवी क्यूरेटर तापस चटर्जी के साथ मिलकर काम करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय बुधवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

### लखनऊ के इकाना स्टेडियम का विवाद गहराया



*लखनऊ* के इकाना क्रिकेट स्टेडियम की पिच उम्मीद के मुताबिक नहीं थी और इस पर बल्लेबाजों को काफी जूझना पड़ा था।

*आस्ट्रेलिया* के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने कहा कि वह दौरे के अभ्यास मैच और वास्तविक मैचों के लिए अलग–अलग तरह के विकेट तैयार करने के चलन को पसंद नहीं करते हैं क्योंकि यह 'विश्वास' का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट में हमारा ध्यान अपने सर्वश्रेष्ठ और उभरते हुए क्रिकेटरों को अवसर और अनुभव हासिल कराने से हट गया है... अब हम बहुप्रतीक्षित सीरीज से पहले दौरे पर आने वाली टीमों की स्तरीय तैयारी मुहैया नहीं कराते और मुझे यह पसंद नहीं है।' हीली ने कहा, 'क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच भरोसे को इस तरह टूटते हुए देखना निराशाजनक है और इसे रोकने की जरूरत है।' आस्ट्रेलिया नौ फरवरी को नागपुर में भारत के खिलाफ अपनी टैस्ट सीरीज शुरू करेगा।

## विरोधी टीम को मिले स्तरीय तैयारी का मौका : हीली

मेलबर्न, 28 जनवरी (एपी)।

आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि पैट कमिंस की टीम आगामी टैस्ट दौरे से पहले उपमहाद्वीप में अभ्यास मैच इसलिए नहीं खेल रही क्योंकि वे मेजबान देश द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं पर विश्वास नहीं करते।

आस्ट्रेलिया चार टैस्ट मैचों की बोर्डर–गावसकर सीरीज से पहले दौरे पर एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलेगा। टीम के एक सदस्य उस्मान ख्वाजा ने हाल ही में कहा था कि अभ्यास मैच खेलने का कोई मतलब नहीं था क्योंकि भारत में अभ्यास मैच और वास्तविक मैच के लिए तैयार विकेट काफी अलग थे।

ख्वाजा ने इस महीने की शुरुआत में संवाददाता में कहा था, 'क्या आप कभी हमारे (आस्ट्रेलिया) साथ दौरे से पहले गए हैं? जब हम खेलते हैं तो वे स्पिन के अनुकूल विकेट हो सकते हैं।'

# जैसी भी पिच मिले उससे कोई शिकायत नहीं : सूर्यकुमार यादव

अहमदाबाद, 31 जनवरी (भाषा)।

भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान सूर्यकुमार यादव ने इकाना स्टेडियम की पिच विवाद को तवज्जो नहीं देते हुए मंगलवार को कहा कि पिच ज्यादा मायने नहीं रखती और वे किसी भी तरह की सतह पर खेलने के लिए 'तैयार' हैं।

भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 रन के लक्ष्य को आखिरी ओवर में मुश्किल से हासिल करने के बाद लखनऊ की पिच को हैरान करने वाला बताया था। पिच के असामान्य व्यवहार के लिए क्यूरेटर को दोषी ठहराया गया और उसे बर्खास्त कर दिया गया।

सूर्यकुमार ने सीरीज के तीसरे और आखिरी टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ' हमने (हार्दिक और मैंने) बाद में इस बारे में बात की, और यह तय किया कि भविष्य में हमें जो भी (पिच) मिलेगी, हम उसकी शिकायत नहीं करेंगे।'

### टी20 क्रिकेट

*सूर्यकुमार* ने कहा, 'कोई भी मैच हो, एकदिवसीय या टी20 अंतरराष्ट्रीय, कम स्कोर वाला हो या अधिक स्कोर वाला अगर मैच प्रतिस्पर्धी होता है तो मुझे नहीं लगता है कि विकेट (पिच) मायने रखता है।



# भारतीय पिचों पर अभ्यास करना अप्रासंगिक : स्मिथ

सिडनी, 31 जनवरी (भाषा)।

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि चार टैस्ट मैचों की बोर्डर–गावसकर सीरीज से पूर्व 'अप्रासंगिक' भारतीय पिचों पर अभ्यास मैच खेलने के बजाय उनकी टीम का अकेले अभ्यास करना बेहतर है। आस्ट्रेलिया ने महीने भर चलने वाली टैस्ट सीरीज के दौरान भारत में एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसका मुख्य कारण यह है कि मेजबान देश अभ्यास के लिए घास वाला विकेट मुहैया कराता जबकि वास्तविक मुकाबलों के लिए स्पिन की अनुकूल पिचें तैयार की जाएंगी।

चौथी बार देश के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम को अभ्यास मैच की तुलना में नेट सत्र से अधिक फायदा होगा। पैट कमिंस की अगुआई वाली 18 सदस्यीय टीम ने सीरीज से पूर्व सिडनी में स्पिन की अनुकूल पिचों पर शिविर का आयोजन किया।

### क्रिकेट

*स्मिथ* के हवाले से कहा, 'हम आम तौर पर इंग्लैंड में दो अभ्यास मैच खेलते हैं। इस बार भारत में कोई अभ्यास मैच नहीं है।' उन्होंने कहा, 'पिछली बार जब हम वहां (भारत में) थे तो मुझे पूरा यकीन है कि हमें घास वाली विकेट मिली थी (अभ्यास करने के लिए) और यह अप्रासंगिक थी।

# कुश्ती विवाद में बबीता फोगाट निर्णायक समिति में शामिल

नई दिल्ली, 31 जनवरी (भाषा)।



राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ विभिन्न आरोपों की जांच के लिए गठित समिति में शामिल की गई हैं । खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति डब्लूएफआइ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौन दुराचार, उत्पीड़न, धमकी देना, वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच कर रही है । विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया जैसे नामी पहलवानों ने ये आरोप लगाए हैं।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'पूर्व पहलवान बबीता फोगाट को खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति में शामिल किया गया है जो भारतीय कुश्ती महासंघ का दैनंदिनी कामकाज देखेगी।' इस समिति में महान मुक्केबाज एमसी मैरीकोम, पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे, पूर्व साइ अधिकारी राधिका श्रीमन और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन शामिल है।

खेलमंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा समिति का गठन किए जाने के बाद पहलवानों ने जंतर मंतर पर तीन दिन से चल रहा अपना धरना खत्म किया था।

# ईशान व साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में

बैंकाक, 31 जनवरी (भाषा)।

### बैडमिंटन

ईशान भटनागर और साई प्रतीक की युवा पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 300 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक दिन में सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। ईशान और साई की जोड़ी ने पहले दौर में अमेरिका के विंसन चिउ और जोशुआ युआन को 21–18, 21–12 से हराया।

भारतीय जोड़ी के सामने दूसरे दौर में चीनी ताइपे के फैंग–चिह ली और फैंग–जेन ली तथा थाईलैंड के टानाडान पुनपनिच और वाचिराविट सोथन के बीच होने वाले मैच के विजेता की चुनौती होगी। पीएस रविकृष्ण और शंकर प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी को चीनी ताइपे के ली जे–हुई और यांग पो–हुआन से 21–16, 18–21 व 10–21 से हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिशा जाली और गायत्री गोपीचंद गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी हार का सामना करना पड़ा। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी जापान की रीना मियाउरा और अयाको सकुरामोटो की जोड़ी से 9–21,10–21 से हार गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की नई जोड़ी को चीन की टैन निंग और जिया यू टिंग से 15–21, 18–21 से हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर मुकाबलों में उन्नति हुड्डा पहले गेम की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी। उन्हें स्थानीय खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 17–21, 23–21, 21–16 से हराया। कार्तिकेय, प्रेरणा नीलुरी, सतीश कुमार करुणाकरन और कीरा मोपाती उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल रहे जो हार के कारण मुख्य ड्रा में जगह बनाने से चूक गए।

### टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति दूसरे स्थान पर

दुबई, 31 जनवरी (भाषा)।

भारत की आलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को जारी नवीनतम आइसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और उनकी नजरें अब शीर्ष रैंकिंग पर टिकी हैं जिसपर इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन काबिज हैं।

दक्षिण अफ्रीका में चल रही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय सीरीज में नौ विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज 25 साल की आफ स्पिनर दीप्ति और इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर एकलेस्टोन के बीच अब सिर्फ 26 अंक का अंतर है। दीप्ति के 737 अंक हैं और उन्हें नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है।

त्रिकोणीय सीरीज में चार विकेट चटकाने वाले दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नोनकुलुलेको मलाबा भी एक स्थान के फायदे से 732 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ये दोनों अगर अपनी शानदार फार्म जारी रखती [illegible] तो इनके पास शीर्ष पर का[illegible]ज होने का मौका होगा।


रेलटेल RAILTEL

**रेलटेल कॉर्पोरेशनऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय:** प्लेट - ए, छठी मंजिल, कार्यालय ब्लॉक टॉवर - 2, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023
**फोन:** 011-22900600, **फैक्स:** 011-22900699
**वेबसाइट:** www.railtelindia.com; **ईमेल :** cs@railtelindia.com
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या:** L64202DL2000GOI107905

**31, दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

रु. लाख में

| विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही | | | नौ माह को समाप्त | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | नौ माह को समाप्त | | समाप्त वर्ष |
| | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित ) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| परिचालन से कुल आय | 45,053 | 42,512 | 41,381 | 124,611 | 106,631 | 152,154 | 45,432 | 42,871 | 41,769 | 125,988 | 108,292 | 154,845 |
| शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और असाधारण मदों से पहले) | 4,247 | 7,396 | 8,889 | 15,012 | 20,641 | 27,955 | 4,314 | 7,404 | 8,814 | 15,169 | 20,697 | 28,062 |
| शुद्ध लाभ / (हानि) (करपूर्व और असाधारण मदों के बाद) | 4,247 | 7,396 | 8,889 | 15,012 | 20,641 | 27,955 | 4,314 | 7,404 | 8,814 | 15,169 | 20,697 | 28,062 |
| कर के बाद शुद्ध लाभ | 3,158 | 5,517 | 6,658 | 11,180 | 15,423 | 20,834 | 3,195 | 5,524 | 6,601 | 11,303 | 15,464 | 20,895 |
| कुल व्यापक आय | 3,148 | 5,507 | 6,688 | 11,152 | 15,512 | 20,796 | 3,185 | 5,514 | 6,631 | 11,275 | 15,553 | 20,857 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 |
| अन्य इक्विटी | - | - | - | 128,575 | 119,840 | 119,508 | - | - | - | 129,766 | 120,893 | 120,577 |
| प्रति शेयर आय (तिमाही /नौ माह को समाप्त होने के लिए वार्षिक नहीं) | | | | | | | | | | | | |
| (अंकित मूल्य ₹ 10/- प्रत्येक) | | | | | | | | | | | | |
| (क) बेसिक (₹में) | 0.98 | 1.72 | 2.07 | 3.48 | 4.81 | 6.49 | 0.996 | 1.72 | 2.06 | 3.52 | 4.82 | 6.51 |
| (ख) डायलूटेड (₹में) | 0.98 | 1.72 | 2.07 | 3.48 | 4.81 | 6.49 | 0.996 | 1.72 | 2.06 | 3.52 | 4.82 | 6.51 |

**टिप्पणी**

1. उपरोक्त स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा और सिफारिश की गई है। और उसे निदेशक मंडल द्वारा **31 जनवरी 2023** को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गयाहै। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय परिणामों की **31 दिसंबर 2022** को समाप्त तिमाही की सीमित समीक्षा की है।
2. वित्तीय परिणामों में प्रस्तुत जानकारी को अलेखापरीक्षित अंतरिम संघनित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों से निकाला जाता है, जिन्हें कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) - 34 "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" के अनुसार तैयार किया गया है तथा इसके तहत प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा गया और सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं)विनियम, 2015 (संशोधित के रूप में) के विनियम 33 और 52 और अन्य मान्यता प्राप्त लेखांकन प्रथाओं और नीतियों के नियमों के अनुसार सीमा तक लागू है।
3. भारत सहित पूरीदुनिया में पहले ही कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक मंदी आ चुकी है। दूसरी लहर ने भारत को बहुत प्रभावित किया है। भारत सरकार द्वारा देशव्यापी लॉकडाउन के बाद कंपनी के संचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। हालांकि, इस अवधि के अंत में भारत में कोविड की स्थिति में काफी सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप काफी हद तक व्यावसायिक गतिविधि का सामान्यीकरण हुआ है। इसके अलावा कंपनी स्थिति की निरंतर निगरानी कर रही है और सभी संभव उपाय कर रही है।
4. पिछली अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को वर्तमान अवधि केवर्गीकरण के अनुरूप पुन: समूहित/पुन: वर्गीकृत/पुन: कास्ट किया गया है।
5. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, जैसा कि संशोधित है, के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। पूर्वोक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई (**www.bseindia.com/corporates**), एनएसई (**www.nseindia.com/corporates**) की स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट और कंपनी की वेबसाइट **www.railtelindia.com** पर उपलब्ध है।

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से
हस्ता/-
संजय कुमार
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 06923630)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 31.01.2023

**रेलटेल की सेवाएं**
**"दूरसंचार और डिजिटल समाधान के माध्यम से व्यापार निरंतरता सुनिश्चित करना"**


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.–21047/03–05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 40, अंक 76
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए–8, सेक्टर 7, नोएडा– 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई–मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

